# मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ सिटी सेन्टर ग्वालियर – 474011

दिनांक 02.11.2016

## सीमित निविदाएं आमंत्रित करने हेतु सूचना पत्र

**निविदा क्रमांक क्यू/2016–17/पुस्तकालय**

**मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर की विधि पुस्तकों/जर्नल्स/राजपत्रों की जिल्दसाजी (बाईडिंग) करने हेतु निविदा दस्तावेज।**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार के कार्यालय में निविदाएं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18.11.2016 (सायंकाल 03:00 बजे)

| | |
|---|---|
| निविदा शुरू होने की तिथि | 07 नवंम्बर, 2016 सोमवार सायंकाल 03:00 बजे। |
| निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18 नवंम्बर, 2016 शुक्रवार सायंकाल 03:00 बजे। |
| निविदा खोले जाने की तिथि | 18 नवंम्बर, 2016 शुक्रवार सायंकाल 04:00 बजे। |
| निविदा खोले जाने का स्थान | कार्यालय प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर। |
| निविदा जारी करने वाले का नाम एवं पता | मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर।<br>सिटी सेन्टर ग्वालियर – 474011 |
| दूरभाष क्रमांक | 0751–2402236,<br>फैक्स 0751–2402235. |
| निविदा जारी करने वाले का ईमेल पता | hc_gwalior@nic.in |
| बेवसाईट | www.mphc.in<br>www.mphc.gov.in |

# मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ सिटी सेन्टर ग्वालियर – 474011

दिनांक 02.11.2016

## सीमित निविदाएं आमंत्रित करने हेतु सूचना पत्र

**निविदा क्रमांक क्यू/2016–17/पुस्तकालय**

**विषय :–** **मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर की विधि पुस्तकों/जर्नल्स/राजपत्रों की जिल्दसाजी (बाईडिंग) करने हेतु निविदाएं।**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 एवं 2017–18 के दौरान नीचे उल्लिखित विबंधन एवं शर्तो पर उच्च न्यायालय के पुस्तकालय की पुस्तकों की जिल्दसाजी (बाईडिंग) कार्य के लिए व्यवसायिक जिल्दसाजों से पुस्तकालय के लिए जिल्दसाजी कार्य करवाये जाने हेतु निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद निविदाएं निम्न पते पर आमंत्रित की जाती है।

**प्रिंसिपल रजिस्ट्रार,**
मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर,
सिटी सेन्टर, ग्वालियर–474011.

**प्रिंसिपल रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के कार्यालय में सीलबंद निविदाओं को प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 नवंम्बर, 2016 (शुकवार) सायंकाल 03:00 बजे है।** निविदा बोली लगाने वालों अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरित के कार्यालय में **18 नवंम्बर, 2016 (शुकवार)** सायंकाल 04:00 बजे खोली जावेगीं।

निविदा में निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न होने चाहिए :–

**भाग – 1**

1. निम्न के कृत्रिम नमूने संलग्न करें :–

   (i) जर्नल :– प्रत्यक्ष सुनहरी उभार वाले, 5 पेनल, 3 लेबल के आधे सफेद चमड़े के किनारों वाले, ।

   (ii) राजपत्रों :– (अ) सुनहरे उभार के साथ पूर्णतः काली रेजिन वाला (ब) जिल्दसाजी (बाईडिंग) के प्रकार में आधे कपड़े में (बेहतर) फुल स्केप पृष्ठ के आकार में एवं दो कपड़ों के स्तरों के साथ के किनारे वाली। (स) जर्नल्स के पृष्ठ साईड की मरम्मत एवं बदलाव करने हेतु सुनहरे टूलिंग के साथ।

2. जिल्दसाजी (बाईडिंग) में प्रयोग होने वाली सामग्री के नमूनों को भी संलग्न करें : (अ) रेग्जीन (ब) चमड़ा (स) बोर्ड (द) टेप्स (इ) सियाजा (फ) धागा।

3. निविदा देने वाले के पास विधि पुस्तकों/जर्नल्स/राजपत्रों की जिल्दसाजी (बाईडिंग) कार्य को करने का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए। ये आदेश सरकारी विभागों/स्वशासी निकायों/सरकारी क्षेत्र की इकाईयों से होने चाहिए। कार्य आदेशों की प्रति एवं इसको सफलतापूर्वक संपादित करने का प्रमाणपत्र अथवा विभागो द्वारा भुगतान की गई रकम संबंधी दस्तावेज साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करें।

## भाग – 2

1. निविदा देने वाले को सभी विधि पुस्तकों/जर्नल्स/राजपत्रों के लिए पृथक रूप से पूर्णांकित (समस्त करो सहित) दरों का हवाला देना चाहिए । विधि के जर्नल्स : प्रत्यक्ष सुनहरी उभार वाले, 5 पेनल, 3 लेबल के आधे सफेद चमड़े के किनारों वाले। राजपत्र (अ) सुनहरे उभार के साथ पूर्णतः काली रेजिन वाला (ब) जिल्दसाजी (बाईडिंग) के प्रकार में आधे कपड़े में (बेहतर) फुल स्केप पृष्ठ के आकार में एवं दो कपड़ों के स्तरों के साथ के किनारे वाली। (स) जर्नल्स के पृष्ठ साईड की मरम्मत एवं बदलाव करने हेतु सुनहरे टूलिंग के साथ।

2. जिल्दसाजी की दरें 31.03.2018 तक मान्य रहेंगी।

3. निविदा देने वाले के द्वारा एक बार उद्धरित की गई जिल्दसाजी (बाईडिंग) की दरों को सील बंद निविदाओं को प्रस्तुत करने के पश्चात् परिवर्तित किये जाने की अनुमति नहीं होगी।

4. दरों में इकाई मद के लिए पैकिंग/अग्रेषण, भाड़ा, बीमा एवं समस्त दूसरे आकस्मिक लागतें व समस्त लागू होने वाले करों को शामिल करते हुये उद्धरित किया जाना चाहिए।

## सामान्य निबंधन एवं शर्ते

1. उद्धरणों को सीलबंद लिफाफों में '**विधि पुस्तकों/जर्नल्स/राजपत्रों की बाईडिंग के लिए निविदाएं**' अंकित करते हुए प्रस्तुत की जाना चाहिए।

2. '**विधि पुस्तकों/जर्नल्स/राजपत्रों की जिल्दसाजी (बाईडिंग) के लिए सील बंद निविदाएं**' अंकित करके '**प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर, सिटी सेन्टर, ग्वालियर** को सम्बोधित की जानी चाहिए एवं इन्हें 18 नवंम्बर, 2016 (शुक्रवार) सायंकाल 03:00 बजे के पूर्व प्रस्तुत किया जाना चाहिए। निविदा दस्तावेज मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की आधिकारिक बेवसाईट www.mphc.in or www.mphc.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

3. कार्य एक वर्ष के लिए दिया जावेगा एवं इसे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार के अनुमोदन पर आगे बढ़ाया जा सकेगा। यदि कार्य गुणवत्ता के अनुरूप नहीं समझा जाता अथवा विनिर्दिष्टताओं के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो निविदाओं को निरस्त किया जा सकेगा।

4. जिल्दसाज को पुस्तकों की जिल्दसाजी (बाईडिंग) के लिए उच्च न्यायालय द्वारा जारी किये गये कार्यादेश में उल्लिखित किये गये निर्धारित समय पर कार्य का सम्पादन करना होगा अन्यथा 100 पुस्तको/जर्नल्स/राजपत्रों की एक इकाई के लिए रू. 100/– प्रतिदिन की शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

5. जिल्दसाज (बाईन्डर) उसको जिल्दसाजी (बाईडिंग) के लिए सौंपी गई पुस्तकों की हानि अथवा क्षति के लिए जिम्मेदार होगा। चाहे यह क्षति अथवा हानि संविदा के समाप्त होने के पश्चात् ही जानकारी में क्यों न आए। ऐसी क्षति/हानि के लिए जिल्दसाज का दायित्व पुस्तकों की वर्तमान कीमत के अनुरूप होगा चाहे डिलीवरी के वक्त पुस्तकों की स्थिति जो भी हो एवं यह वर्तमान कीमत बिल में अथवा सुरक्षा राशि में समायोजित किया जावेगा।

6. जिल्दसाज (बाईन्डर) पुस्तकों की डिलेवरी पुस्तकालय परिसर से लेगा एवं उन्हें जिल्दसाजी (बाईडिंग) के पश्चात् अपने स्वयं के व्यय पर वापस करेगा। अर्थात परिवहन लागत जिल्दसाज के द्वारा वहन किया जावेगा।

7. जिल्दसाज (बाईन्डर) के द्वारा जिल्द करने के लिए प्राप्त की गईं पुस्तकें एवं जर्नल्स इत्यादि किसी भी उद्देश्य हेतु ग्वालियर शहर से बाहर नहीं ले जायी जा सकेंगी न ही किसी उद्देश्य के लिए किसी अन्य व्यक्ति/फर्म को दी जाएंगी।

8. निविदा के साथ जिल्दसाज को यह कथन करते हुए एक प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा कि उसका स्वयं का एक जिल्दसाजी कक्ष है। टेलीफोन नम्बर के साथ जिल्दसाजी कक्ष का स्थान उल्लिखित किया जाना चाहिए।

9. निविदा देने वालों को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार को संतुष्ट करना होगा कि उनके पास जिल्दसाजी कार्य को करने हेतु पर्याप्त अद्योसंरचना एवं पूंजी है एवं अपनी जिल्दसाजी (बाईडिंग) कक्ष में उपयोग किये जाने वाले उपकरणों की एक सूची भी संलग्न करे।

10. निविदा देने वाले को एक वचन पत्र देना होगा कि वह कभी भी किसी सरकारी/स्वशासित /पीएसयू संगठन द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया।

11. ऐसी फर्म्स जिनकी निविदाएं स्वीकृत की जाती हैं उन्हें मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर की ओर से प्रिंसिपल रजिस्ट्रार के साथ रू. 100/– के एक गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर एक अनुबंध करना होगा एवं '**मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार**' के पक्ष में रू. 15000/–(रू. पन्द्रह हजार रूपए) का एक वापिसी योग्य सुरक्षा जमा राशि का डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा। जो कि एक साल के लिए मान्य हो ।

12. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार संविदा की विबंधन एवं शर्तो को पूरा करने में असफल होने की स्थिति में सुरक्षा जमा राशि को पूर्णतः या आंशिक रूप से जप्त करने का अधिकार आरक्षित रखते हैं।

13. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार के पास निविदा को बिना कोई कारण दिये हुए निरस्त करने का अधिकार आरक्षित है।

14. संविदा की विबंधनों से उत्पन्न किसी विवाद की स्थिति में, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

15. यदि किसी भी समय, जिल्दसाज (बाईन्डर) द्वारा प्रस्तुत किये गये कोई भी दस्तावेज असत्य पाए जाते हैं तो इसे संविदा की शर्तो एवं विबंधनों का उल्लंघन समझा जावेगा एवं निविदा निरस्त की जा सकती है।

16. अधूरी निविदाएं एवं **अंतिम तिथि 18.11.2016 को सायंकाल 03:00** बजे के पश्चात् प्राप्त निविदाएं सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दी जावेंगी।

17. दरों को अंको एव शब्दों दोनों में उद्धरित किया जाना चाहिए एवं अपलेखन से बचना चाहिए।

**प्रिंसिपल रजिस्ट्रार**
**मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय**
**खण्डपीठ ग्वालियर**

मैं उपरोक्त शर्तो एवं विबंधनों का पालन करने हेतु सहमत हूं।

**विक्रेता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम**
**एवं हस्ताक्षर (सील सहित)**

**संलग्नक :– 01 संलग्नकों की जांच सूची**

# मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर

कृपया इस भाग में निम्नलिखित सूचना उपलब्ध कराएं जो कि श्री मान प्रिंसिपल रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर निविदा की योग्यता के बारे में निर्णय लेने में सहायक हो। उपर्युक्त प्राधिकारी के आवश्यक दस्तावेज/प्रमाणपत्र विवरण के समर्थन में संलग्न होने चाहिए।

| सरल क्रमांक | वांछित विवरण | | |
|---|---|---|---|
| 1. | संविदा का संदर्भ क्रमांक एवं तिथि | | |
| 2. | प्रमाणपत्र सहित पंजीयन विवरण | हां | नहीं |
| 3. | पेनकार्ड | | |
| 4. | निम्न के कृत्रिम नमूने संलग्न करे :–<br>1. विधि के जर्नल्स : प्रत्यक्ष सुनहरी उभार वाले, 5 पेनल, 3 लेबल के आधे सफेद चमड़े के किनारों वाले।<br>2. राजपत्र (अ) सुनहरे उभार के साथ पूर्णतः काली रेजिन वाला<br>(ब) जिल्दसाजी (बाईडिंग) के प्रकार में आधे कपड़े में (बेहतर) फुल स्केप पृष्ठ के आकार में एवं दो कपड़ों के स्तरों के साथ के किनारे वाली। | हां | नहीं |
| 5. | जिल्दसाजी (बाईडिंग) में प्रयोग की जाने वाली निम्न सामग्री के नमूने संलग्न करें :–<br>(i) रेग्जीन<br>(ii) चमडा<br>(iii) बोर्ड<br>(iv) टेप्स<br>(v) सेजा<br>(vi) धागा<br>(vii) समुद्भरण ( एमब्रोसिंग)<br>(viii) कपड़ा | हां | नहीं |
| 6. | समान प्रकार के कार्य जो कि पिछले वर्षो में किये गये उनकी संख्या. आपूर्ति आदेशों की प्रतियां/अंतिम भुगतान की प्रति/कार्य सम्पन्न करने अथवा संतोषजनक कार्य का प्रमाणपत्र। | हां | नहीं |
| 7. | दूरभाष क्रमांक व जिल्दसाजी कक्ष का स्थान एवं पते का विवरण सहित इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न करें कि आपका अपना जिल्दसाजी कक्ष है | हां | नहीं |
| 8. | आपके जिल्दसाजी (बाईडिंग) कक्ष में प्रयोग होने वाले उपकरणों की सूची संलग्न करें। | हां | नहीं |
| 9. | वचनपत्र कि निविदा देने वाला कभी भी किसी शासकीय/स्वशासी/पीएसयू प्रकार के संगठन द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया। | हां | नहीं |

**विक्रेता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम**
**एवं हस्ताक्षर (सील सहित)**

<u>**संलग्नक :– 02 संलग्नकों की जांच सूची**</u>

# मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ : ग्वालियर

कृपया इस दस्तावेज को सावधानीपूर्वक पढ़े और अनुपालन सुनिश्चित करें।
किसी भी एक शर्त का अनुपालन न करना आपके प्रस्ताव को अयोग्य बना सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | संविदा का संदर्भ क्रमांक एवं तिथि | |
| 2. | बोली लगाने वाला/कंपनी का नाम एवं पता | |
| 3. | संपर्क नम्बर/मोबाईल नम्बर | |

**जिल्दसाजी के लिए दरें**

| सरल क्रमांक | श्रेणी | |
|---|---|---|
| 1. | प्रत्यक्ष सुनहरी उभार वाले, 5 पेनल, 3 लेबल के आधे सफेद चमड़े के किनारों वाले। | |
| 2. | राजपत्र : सुनहरे उभार के साथ पूर्णतः काली रेजिन वाला | |
| 3. | जिल्दसाजी (बाईडिंग) के प्रकार में आधे कपड़े में (बेहतर) फुल स्केप पृष्ठ के आकार में एवं दो कपड़ों के स्तरों के साथ के किनारे वाली। | |
| 4. | जर्नल्स के पृष्ठ साईड की मरम्मत एवं बदलाव करने हेतु सुनहरे टूलिंग के साथ। | |
| 5. | अन्य कोई (कृप्या उल्लेख करें) | |

**नोट :–**

निविदाओं की बोली लगाने वालों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जावेगीं जिसमें की वे उपस्थित हो सकते हैं।

**विक्रेता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम**
**एवं हस्ताक्षर (सील सहित)**

**संलग्नक :– 01**

## निविदाकर्ता की प्रोफाईल

1. निविदाकर्ता का पूरा नाम : ........................................................
2. पता : ........................................................
   ........................................................
3. दूरभाष क्रमांक :
   (अ) कार्यालय ........................................................
   (ब) फैक्स ........................................................
   (अ) निवास ........................................................
4. क्या संस्था के मालिक है /भागीदार : ........................................................
5. भागीदारों के नाम (यदि भागीदार है तो) : ........................................................
6. जिल्दसाजी (बाईडिंग) कक्ष का पता : ........................................................
7. जिल्दसाजी (बाईडिंग) कक्ष में उपलब्ध उपकरण : ........................................................
8. पंजीयन विवरण : ........................................................
9. आयकर खाता (पेन) क्रमांक : ........................................................
10. कार्य के ग्राहक द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्रों की सूची : ........................................................
11. कोई अन्य संबंधित जानकारी : ........................................................

हस्ताक्षर ........................................................

हैसियत से ........................................................

निविदा के लिए हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत एवं की ओर से ....................................

**बोली लगाने वाले के हस्ताक्षर (सील सहित)**